मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-359
06/08/2025

# मुख्यमंत्री ने 14.98 करोड़ रूपये की लागत की 'देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद विहार गौरव उद्यान' (वेस्ट–टू–वंडर थीम पार्क) का किया शिलान्यास

पटना, 06 अगस्त 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 14.98 करोड़ रूपये की लागत की 'देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद विहार गौरव उद्यान' (वेस्ट–टू–वंडर थीम पार्क) का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्य के पूर्व देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल पर जाकर मुख्यमंत्री ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शिलान्यास कार्य के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास 'वेस्ट टू वंडर' थीम पार्क का निर्माण बेहतर ढंग से करायें। इस पार्क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जी का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जे0पी0 गंगा पथ अवस्थित है, यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा।

ज्ञातव्य है कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 14.98 करोड़ रूपये की लागत से देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल एवं जे०पी० गंगा पथ के बीच 10 एकड़ भूमि में 'वेस्ट टू वंडर' थीम पार्क के निर्माण की स्वीकृति दी गयी है। इस पार्क में बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के विभिन्न अवयवों को प्रदर्शित किया जाएगा। थीम पार्क में बिहार की महान विभूतियों– आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं दशरथ मांझी की प्रेरणादायक गाथाओं को उद्धृत किया जाएगा। पार्क में बिहार की स्थापत्य कला नालंदा, विक्रमशिला, धार्मिक स्तूप, मंदिरों एवं मकबरों को दर्शाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के खाने–पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर का निर्माण भी किया जायेगा।

देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर बनाया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष 'देशरत्न डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद विहार गौरव उद्यान' (वेस्ट टू वंडर थीम पार्क) के निर्माण से संबंधित एक वीडियो फिल्म प्रस्तुत की गयी।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री जिबेश कुमार, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, पटना नगर निगम के आयुक्त एवं बुडको के प्रबंध निदेशक श्री अनिमेष पराशर, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******